प्रेस नोट

आज दिनांक 01.07.2021 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय जयपुर की इन्टेलिजेंस शाखा की गोपनीय सूचना के आधार पर ब्यूरो द्वारा तीन अधिकारियों के विरूद्ध आय से अधिक परिसम्पत्तियां अर्जित करने के तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर एक दर्जन से भी अधिक स्थानों पर तलाशी की कार्यवाही की जा रही है।

एक एफआईआर श्री निर्मल कुमार गोयल, अधिशाषी अभियन्ता, जयपुर विकास प्राधिकरण, जोन मानसरोवर के विरूद्व प्रकरण दर्ज किया जाकर इनके जयपुर स्थित विभिन्न स्थानों पर सर्च जारी है। प्रथम दृष्टया श्री गोयल के द्वारा अपने सेवाकाल में खर्च व परिसम्पतियों पर लगभग 6 करोड का निवेश करना पाया गया है जो कि उनकी वैध आय का लगभग 1450 प्रतिशत अधिक होने का अनुमान है। ब्यूरो की चार टीमों द्वारा श्री निर्मल कुमार गोयल के चार स्थानों की तलाशी ली जा रही है जिसमें प्रथम मध्यम मार्ग मानसरोवर, जयपुर स्थित निवास स्थान पर टीम को विदेशी व महंगी शराब की 23 बोतलें,2000 डॉलर व 245 यूरो की विदेशी मुद्रा, नकद 2,27,790/रूपये, दो कार स्विफ्ट व हुण्डई सेन्ट्रो, एफआईआर के अतिरिक्त 1100 गज के कुल 2 प्लॉटस सुमेरनगर जयपुर में जिन पर निर्माण कार्य जारी है, डीग में एक हवेली के कागजात, दो लॉकर की चाबी, 318 ग्राम सोना व 3.5 किलोग्राम चांदी तथा अन्य प्रॉपर्टी के कागजात मिले हैं। दूसरी ब्यूरो टीम को द्वितीय रजत पथ मानसरोवर जयपुर निवास स्थान की तलाशी में एक स्विफ्ट गाडी, नकद 1.60 लाख रूपये, 323.8 ग्राम सोना व 4.400 किलोग्राम चांदी, एक लॉकर की चाबी, ब्यूरो की तिसरी टीम को मानसरोवर जयपुर स्थित फार्म हाउस से एक मर्सिडीज कार, एक बोलेरो कैम्पर, भव्य फार्म हाउस सुख सुविधाओं युक्त मय लक्जरी आवास, विदेशी शराब की खाली बोतलें व महगें पेड पौधे आदि, ब्यूरो की चौथी टीम को जेडीए जयपुर ऑफिस से हिसाब किताब की डायरियां मिली हैं।

इसी प्रकार एक एफआईआर श्री प्रदीप कुमार शर्मा, पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी सूरसागर जिला जोधपुर आयुक्तालय के विरूद्व दर्ज की जाकर इनके जोधपुर, भोपालगढ व बीकानेर स्थित 4 स्थानों पर सर्च की कार्यवाही जारी है। श्री प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा अपने सेवाकाल में खर्च व परिसम्पत्तियों पर लगभग 4.43 करोड का निवेश करना पाया गया है जो उनकी वैध आय का 333 प्रतिशत अधिक है। ब्यूरो की तीन टीमों द्वारा श्री प्रदीप कुमार शर्मा के चार स्थानों की तलाशी ली जा रही है जिसमें प्रथम जोधपुर स्थित निवास स्थान पर सर्च जारी है जहां पर क्रेशर हेतु जमीन खरीदने का इकरार नामा की प्रति प्राप्त हुई है। द्वितीय टीम को प्राईवेट स्कूल भोपालगढ जोधपुर से 10 बीघा परिसर में स्कूल में 3 बस, लगभग 22000 वर्गफुट का निमार्ण व फर्नीचर, ब्यूरो की तीसरी टीम ने निवास स्थान बीकानेर को बन्द मिलने पर सील किया है।

इसी प्रकार एफआईआर श्री मनीष कुमार शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी चितौडगढ के विरूद्व दर्ज किया जाकर इनके 6 ठिकानों पर विभिन्न टीमों द्वारा जयपुर, चितौडगढ, उदयपुर व जोधपुर इत्यादी स्थानों पर सर्च की जा रही है। श्री मनीष कुमार शर्मा द्वारा अपने सेवाकाल में खर्च व परिसम्पत्तियों पर 1.84 करोड रूपये का निवेश करना पाया गया है जो उनकी वैध आय से 232 प्रतिशत अधिक होने का अनुमान है। ब्यूरो की पांच टीमों द्वारा श्री मनीष कुमार शर्मा के छः स्थानों की तलाशी ली जा रही है जिसमें प्रथम टीम को चितौडगढ स्थित फ्लेट की तलाशी में नकद 99500/रूपये, एक इनफील्ड बाईक, हुण्डई क्रेटा कार, विदेश यात्राओं से संबंधित दस्तावेज, लैपटॉप, कैमरा, एप्पल फोन इत्यादि मिले हैं। ब्यूरो की दूसरी टीम द्वारा जोधपुर स्थित आवास, तीसरी टीम द्वारा बाडमेर स्थित ट्रेवल्स एजेन्सी की तलाशी जारी है,अधिकारी का एक फ्लेट उदयपुर में है जिसको ब्यूरो की एक टीम द्वारा सील किया गया है। इसी प्रकार जयपुर स्थित एक फ्लेट को भी सील किया गया है। तलाशी की सम्पूर्ण कार्यवाही का समन्वय इन्टेलिजेंश शाखा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा किया जाकर सम्पूर्ण कार्यवाही का निकटतम पर्यवेक्षण श्री सवाई सिंह गोदारा उप महानिरीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा किया जा रहा है। तलाशी की कार्यवाही जारी है।

भगवान लाल सोनी
महानिदेशक पुलिस
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
राजस्थान जयपुर।